was set up under the Chairmanship of Dr. Shanker N. Acharya to look into the reasons for slow down in the Primary market and suggest measures to improve it. Some of the main recommendations of the group were introduction of institutional arrangements to compensate investor in the event of broker defaults, standardisation of accounting norms by companies, compulsory market making, popularisation of book-building, better credit facilities for brokers, popularisation of scripless trading, introduction ,of derivative .trading and steps to reduce cost of issues. These recommendations are under various stages of implementation.

Expansion of Air Services by Air India

*324. SHRI JANARDHANA POOJ-ARY: Will the Minister of CIVIL AVAI-ATION be pleased to state:

(a) whether Air India has submitted any proposal to Government to allow it to expand its operations; if so, the details of the proposal and when it was submitted;

(b) whether any decision has been taken on the proposal; if so, the details thereof;.

(c) if no decision has so far been taken, the reasons for the delay; and

(d) the time by when a decision is likely to be taken?

THE MINISTER OF CIVIL AVAIA-TION (SHRI ANANTH KUMAR): (a) No such proposals have been submitted so far.

(b) to (d) Do not arise.

कपड़ा उत्पादन की क्षमता

*352. **श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्ला**: क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि:

(क) अद्यतन स्थिति के अनुसार, महाराष्ट्र और गुजरात सहित देश में कपड़ा उत्पादन की राज्य-वार कुल क्षमता कितनी-कितनी है;

(ख) इस मांगा को पूरा करने के लिए कितनी क्षमता की आवश्यकता है और उसके लिए कितनी धनराशी की आवश्यकता है;

(ग) इस दिशा में वांछित परिणाम प्राप्त करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी हेतु उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस संबंध में कितनी सफलता प्राप्त हुई है वस्त्र मंत्री (**श्री काशिराम राणा**):

(क) उपलब्ध सूचना के आधार पर एक विवरण-पत्र संलग्न है (**नीचे देखिए**)

(ख) कुछ समय से कपड़े का उत्पादन तथा प्रति व्यक्ति उसकी उपलब्धता में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है । इसके अतिरिक्त उपलब्ध सूचना के अनुसार सामान्यतया कपड़े की प्रति व्यक्ति उपलब्धता प्रति व्यक्ति खपत से अधिक रही है । वस्त्र एककों की निधि आवश्यकताओं के बारे में उल्लेखनीय है कि इनमें समय-समय पर तथा अलग-अलग एकक के लिए भिन्नता रहती है ।

(ग़) वस्त्र एककों का निवेश तथा प्रबंधन अधिकांशत: निजी क्षेत्र में है । यह नोट किया गया है कि कुछ समय से विभिन्न क्षेत्रो में वस्त्रों ए उत्पादनमें सामान्यतया वृद्धि हो रही है । उदार वातावरण में सरकार मुख्यत: सुविधा प्रदान करने की भूमिका निभा रही है तथा जब कभी भी मांग होती है तब प्रोद्योगिकीय उन्नयन निधि योजना और कपास प्रोद्योगिकीय मिशन जैसी योअनाओं के माध्यम से हस्तक्षेप करती है ।

(घ) यह पाया गया है कि कपड़े की प्रति व्यक्ति उपलब्धता कुछ समय से बढ़ रही है । इसके अतिरिक्त सामान्यतया वृद्धि हुई है ।

विवरण

स्थापित क्षमता

(राज्य-वार) (अनंतिम)

क्र.स.	राज्य/संघ	शासित प्रदेश	कताई कर्ता	रोटर्स	करघे	विद्युतकरघा	हथकरघा
1		2	3	4	5	6	8
1.	आन्ध्र प्रदेश		1960940	7878	1246	44683	213404
2.	अरूणाचल प्रदेश		---	----	----	----	45060
3.	असम		143088	0	240	2726	1298731
4.	बिहार		180532	0	60	2870	72965
5.	दिल्ली		109156	672	312	1102	8326
6.	गोआ		25916	0	0	122	41
7.	गुजरात		4114810	31200	44920	308165	21165
8.	हरियाणा		366104	51958	211	9882	17378
9.	हिमाचल प्रदेश		339280	1480	0	1302	30991
10.	जम्मू व कश्मीर		619076	992	0	---	25253
11.	कर्नाटक		1162208	11704	2907	58611	76719
12.	केरल		878700	2060	1204	3252	41904
13.	मध्य प्रदेश		1297436	14396	6370	40046	31380
14.	महाराष्ट्र		5071666	42752	37422	663059	66437
15.	मणिपुर		16416	0	0	---	266915
16.	मिजोरम		--	--	---	--	94388
17.	मेघालय		--	--	---	--	7783
18.	नागालैंड		--	--	---	--	71636
19.	उडीसा		378200	3400	1048	3281	92316
20.	पंजाब		1130109	19320	968	22432	11292
21.	राजस्थान		1191756	17216	1462	32568	31694
22.	तमिलनाडु		12093526	98241	5770	292885	402046
23.	त्रिपुरा		---	---	---	---	116659
24.	उत्तर प्रदेश		1964494	7940	11441	65366	543675
25.	पश्चिम बंगाल		1172256	2400	6695	4339	318514
संघ शासित प्रदेश							
26.	दमन ब दीव		5504	0	0	--	--
27.	दादरा नगर हवेली		20160	0	0	464	---
28.	पांडिचेरी		229056	2888	1757	830	4851
	कुल योग		33913288	316517	124033	1557985	3611513

अनंतिम

देश में कर दाताओं की संख्या

*326. **श्री बरजिन्दर सिंह**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षो के दौरान देश में कर दाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1995-96, 1996-97 तथा 1997-98 में कर दाताओं की संख्या कितनी-कितनी था;